मूल हिंदी में

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.968
01.07.2019 को उत्तर के लिए

बाल्मीकि नगर बाघ अभयारण्य में अवैध शिकार

968. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बाल्मीकि नगर बाघ अभयारण्य में बड़े पैमाने पर हो रही पेड़ों की अवैध् कटाई और जंगली जानवरों के अवैध शिकार से अवगत हैं;
(ख) विगत एक वर्ष में हुई ऐसी घटनाओं का ब्यौरा क्या है और ऐसे मामलों में कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है; और
(ग) क्या सरकार पेड़ों की अवैध कटाई और अवैध शिकार को रोकने के लिए कड़े नियम बनाने पर विचार कर रही है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पेड़ों की कटाई और जंगली जानवरों के अवैध शिकार की केवल छुटपुट घटनाएं हुई हैं।

(ख) गत वर्ष के दौरान, राज्य द्वारा पेड़ों की अवैध कटाई की 122 घटनाओं और अवैध शिकार के चार मामलों को रिकार्ड किया गया है, जिनमें 69 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

(ग) ऐसे अपराधों की रोकथाम हेतु समय-समय पर संशोधित किए गए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 और भारतीय वन अधिनियम, 1927 के प्रावधान लागू हैं।

*****